वर्ष- 02 अंक- 184

छपरा

28 मई बुधवार 2025

पृष्ठ - 04

दैनिक

खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## 2026 तक असम में बाल विवाह पूरी तरह से बंद हो जाएंग

### मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का दावा



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को दावा किया कि साल 2026 तक राज्य में बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। उन्होंने दावा किया कि असम सरकार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के फैसले के चलते बाल विवाह की घटनाओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार बाल विवाह प्रथा को रोकने के प्रयास कर रही है और उसके प्रयासों को पहचान भी मिल रही है।

## जयपुर में सोना-चांदी ढूंढने उतरे 4 लोगों की मौत

### ज्वेलरी कंपनी ने 8 को सेप्टिक टैंक में भेजा था, जहरीली गैस से दम घुटा

**जयपुर ,एजेंसी।** जयपुर में सेप्टिक टैंक में सोना-चांदी तलाशने के लिए उतारे गए 4 सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। इनके 2 अन्य साथियों को गंभीर हालत में महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि 2 को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि जहरीली गैस के कारण पहले सफाईकर्मी अचेत हुए, फिर दम तोड़ दिया।घटना सांगानेर सदर थाना इलाके में सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया के जी-ब्लॉक स्थित ज्वैलरी जोन में सोमवार रात 8.30 बजे हुई। यहां अचल ज्वैल्स प्राइवेट लिमिटेड के 10 फीट गहरे सेप्टिक टैंक की सफाई की जा रही थी।आरोप है कि पहले सफाई कर्मचारियों ने तेज धूप का हवाला देते हुए टैंक में उतरने से इनकार कर दिया था। बाद में कंपनी ने इन कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ (वेतन के अलावा एक्स्ट्रा रुपए) का लालच दिया था।

## तेजस्वी यादव फिर बने पापा,बेटे के साथ तस्वीर शेयर की

### पोते को गोद में लेकर लालू बोले- गर्व का क्षण; बुआ रोहिणी बोली-वेलकम जूनियर टूट्ट

**पटना,एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव फिर पापा बन गए हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह बेटे के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की है।तेजस्वी ने बेटे की फोटो शेयर करते हुए लिखा, आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। घर में छोटे बच्चे के आने से बहुत खुश हूं। जय हनुमान।वहीं, पोते को गोद में लेकर लालू यादव ने इसे गर्व का क्षण बताया। उन्होंने लिखा- पोते का हमारी फैमिली में स्वागत है। बुआ रोहिणी ने लिखा, जूनियर टूट्ट को ढेर सारा प्यार।हॉस्पिटल का एक 24 सेकेंड का वीडियो सामने आया है, जिसमें वीडियो कॉल पर तेजस्वी यादव अपने पिता लालू यादव से कह रहे हैं, पापा, बेटा हुआ है, आपका पोता हुआ है।पश्चिम बंगाल की ष्टरूममता बनर्जी ने लालू परिवार से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा- बच्चा बहुत सुंदर है।राजश्री कोलकाता के अस्पताल में भर्ती हैं। 26 मई को लालू-राबड़ी बहू से मिलने कोलकाता के लिए निकले थे।

### गुजरात में मोदी का विपक्ष पर तंज

# ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि यहां कोई सबूत न मांगे

**गांधी नगर,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने सिंधू जल संधि का जिक्र किया।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पाकिस्तान हमसे सीधी लड़ाई में नहीं जीत पाया तो उसने आतंकियों को हमारे देश में भेजना शुरू किया। यानी उन्होंने प्रॉक्सी वॉर का सहारा लिया। जिसे हम आज तक प्रॉक्सी युद्ध कहते थे, 6 मई के बाद जो दृश्य देखने को मिले, उसके बाद हम अब इसे प्रॉक्सी युद्ध कहने की गलती नहीं कर सकते। हमने जिन आतंकियों को मिट्टी में मिलाया, वहां उनके जनाजों को सम्मान दिया गया, उसकी ताबूत पर पाकिस्तानी झंडे रखे गए। इससे पाकिस्तान का नापाक चेहरा सभी के सामने आ गया। मात्र 22 मिनट के भीतर 9 आतंकवादी ठिकानों की पहचान कर उन्हें नष्ट कर दिया गया, तो यह एक निर्णायक कार्रवाई थी। इस बार सब कुछ कैमरों के सामने किया गया, ताकि घर पर कोई सबूत न मांग सके। हमें इस बार सबूत नहीं देना पड़ रहा है उधर वाले सबूत दे रहे हैं।

**सबका भला चाहते हैं और मुसीबत में मदद भी करते हैं, लेकिन बदले में खून की नदियां बहती हैं :**प्रधानमंत्री मोदी ने सिंधू जल संधि का जिक्र कर कहा कि हम अपने काम में लगे थे, प्रगति की राह पर चले थे, हम सबका भला चाहते हैं और मुसीबत में मदद भी करते हैं, लेकिन बदले में खून की नदियां बहती हैं। 1960 में जो सिंधु जल समझौता हुआ है अगर उसकी बारीकी में जाएंगे तो आप चौंक जाएंगे। उसमें यहां तक तय हुआ कि जो जम्मू-कश्मीर की अन्य नदियों पर बांध बने हैं उनकी सफाई का काम नहीं किया जाएगा। उसके लिए गेट नहीं खोले जाएंगे। 60 साल तक गेट नहीं खोले गए। जिसमें शत प्रतिशत पानी भरना चाहिए था धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम हो गई। क्या मेरे देशवासियों को पानी पर अधिकार नहीं है क्या? अभी हमने कुछ ज्यादा किया नहीं है और वहां पसीना छूट रहा है। हमने सफाई शुरू की है, इतने से वहां बाढ़ आ जाती है।

**ऑपरेशन सिंदूर और लोकल फॉर वोकल पर क्या बोले पीएम मोदी? :**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 6 मई की रात को हमारे सशस्त्र बलों की ताकत के साथ ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ। अब, यह ऑपरेशन सिंदूर लोगों की ताकत के साथ आगे बढ़ेगा। जब मैं हमारे सशस्त्र बलों की ताकत और लोगों की ताकत की बात करता हूं, तो मेरा मतलब है कि हर नागरिक को देश के विकास में भागीदार बनना चाहिए। अगर हम सभी 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देते हैं और अपनी अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर चौथे से तीसरे स्थान पर ले जाना चाहते हैं, तो हम विदेशी उत्पादों पर निर्भर नहीं रहेंगे। हमें गांव के व्यापारियों को यह संकल्प दिलाना चाहिए कि चाहे उन्हें कितना भी मुनाफा हो, वे विदेशी सामान नहीं बेचेंगे। लेकिन दुर्भाग्य से गणेश की मूर्तियां भी विदेश से आती हैं, छोटी आंखों वाली गणेश मूर्तियां, जिनकी आँखें ठीक से खुलती भी नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए एक नागरिक के तौर पर मेरे पास आपके लिए एक काम है- घर जाइए और एक सूची बनाइए कि आप 24 घंटे में कितने विदेशी उत्पादों का उपयोग करते हैं। हमारे पास सब कुछ है। ऐसे में हमें अपनी चीजों को ही इस्तेमाल करना है, जो हमारे देश में बनी हो। एक या दो चीजों को छोड़कर सब कुछ हमारे यहां उपलब्ध है।

## बीएसएफ की फॉरवर्ड पोस्ट का नाम सिंदूर रखने का प्रस्ताव

### अफसर बोले- सांबा की इस पोस्ट पर महिला सैनिकों ने पाकिस्तानी हमले का डटकर मुकाबला किया

**नई दिल्ली/श्रीनगर,एजेंसी।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) ने 10 मई को सांबा सेक्टर में अपनी एक पोस्ट का नाम सिंदूर और दो अन्य का नाम पाकिस्तान की तरफ से की गई गोलाबारी में शहीद हुए जवानों के नाम पर रखने का प्रस्ताव दिया है। BSF ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी कार्रवाई से जुड़ी जानकारी दी। BSF के IG जम्मू फ्रंटियर शशांक आनंद ने बताया कि 10 मई की सुबह पाकिस्तान ने हमारी पोस्ट पर ड्रोन हमले किए। इसमें BSF के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, कॉन्स्टेबल दीपक कुमार और भारतीय सेना के नायक सुनील कुमार शहीद हो गए थे। IG आनंद ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान फॉरवर्ड पोस्ट पर लड़ने वाली महिला जवानों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, हमारी बहादुर महिला कर्मियों, सहायक कमांडेंट नेहा भंडारी, कॉन्स्टेबल मंजीत कौर, कॉन्स्टेबल मलकीत कौर, कॉन्स्टेबल ज्योति, कॉन्स्टेबल सम्पा और कॉन्स्टेबल स्वप्ना और अन्य ने पाकिस्तान के खिलाफ फॉरवर्ड पोस्ट पर लड़ाई लड़ी। आरएस पुरा सेक्टर के BSF DIG चित्तर पाल ने बताया, 9 मई को पाकिस्तान ने फ्लैट ट्रैजेक्टरी हथियार और मोर्टार से हमारी कई पोस्ट को निशाना बनाया। उन्होंने ब्डुलियान गांव पर भी हमला किया। जवाब में ब्बस्त्र ने पाकिस्तानी आतंकी लॉन्चपैड मस्तपुर को नष्ट कर दिया। गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सैनिक अपनी पोस्ट छोड़कर भाग रहे थे।




## पाकिस्तान बोला- पीएम मोदी का बयान नफरत फैलाने वाला

### मोदी ने कहा था- अपनी रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही



**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर एतराज जताया है पाक विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता।

दरअसल पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात में सभा के दौरान कहा था कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

**इस पर पाकिस्तान ने कहा**-मोदी का बयान सिर्फ नफरत फैलाने वाला नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्रीय शांति को खतरा भी है। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अगर हमें खतरा हुआ तो उसका जवाब देंगे।

पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत सरकार इस तरह के बयानों से जम्मू-कश्मीर में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाना चाहती है। उसने खुद को शांति का समर्थक बताते हुए कहा कि वह ह मिशन में सबसे आगे रहा है और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उसने अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत को सच में उग्रवाद की चिंता है, तो उसे अपने देश में बढ़ते बहुसंख्यकवाद, धार्मिक असहिष्णुता और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय की तरफ ध्यान देना चाहिए।


# देश में कोरोना से 11 की मौत, 1047 एक्टिव केस

### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 5 मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं।

वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) के डायरेक्टर डॉ राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। इनमें LF.7, XFG, JN.1 और NB.1.8.1 वैरिएंट शामिल हैं।



**24 घंटे में कोरोना से 3 मौतः**जयपुर में सोमवार को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी।

वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था।इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी ऑर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

### बारिश-बिजली से केरल और महाराष्ट्र में 5 की मौत

# लैंड स्लाइड से सैकड़ों घरों को नुकसान, मुंबई-ठाणे में आज बारिश का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** केरल में सोमवार को तेज बारिश से जुड़ी घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। बारिश-लैंड स्लाइड के चलते 29 घर ढह गए, 868 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रभावित जिलों में राहत शिविर खोले गए हैं।

11 जिलों पथानामथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड़, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड में बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मुंबई और ठाणे में आज भारी बारिश का अलर्ट है। मुंबई में सोमवार को दिनभर तेज बारिश हुई। वर्ली मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया।



अंधेरी, भांडुप, पवई में सड़कों पर पानी भरने से घंटों पर जाम रहा। लोकल ट्रेन और फ्लाइट्स भी प्रभावित हुईं। मुंबई में 16 दिन पहले मानसून पहुंचा।

हिमाचल प्रदेश में आज बारिश, आंधी-तूफान, बिजली और ओलावृष्टि की अलर्ट है। 27-28 मई को शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उधर, मध्य प्रदेश में सोमवार को तेज गर्मी रही और 6 जिलों में तेज बारिश भी हुई। 4 जिलों में दोपहर का तापमान 40डिग्री के पार रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 14 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन के एक्टिव होने की वजह से अगले चार दिन तक आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**हिमाचल में मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट जारी**-आज 5 जिलों में तूफान-ओलावृष्टि, 30-31 मई को भी भारी बारिश हिमाचल प्रदेश में आज बारिश के साथ तूफान और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, सोलन और सिरमौर में 60 किलोमीटर तक प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान भी चल सकता है। मौसम विभाग ने अगले कल भी कुल्लू, मंडी और शिमला जिला में तूफान और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट दिया है।

## यह नया मनुवाद है, राहुल गांधी का दावा- दिल्ली विश्वविद्यालय में 60 फीसदी आरक्षित पद खाली

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि इस सरकार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से व्यवस्थागत भेदभाव किया जा रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि योग्य उम्मीदवारों को नॉट फाउंड सुटेबल बताकर खारिज किया जा रहा है और यह एक नए तरीके का मनुवाद है।



**राहुल गांधी का दावा- आरक्षित पदों को रखा जा रहा खाली:**राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि नॉट फाउंड सुटेबल अब नया मनुवाद है। दलित और पिछड़े वर्ग के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर अयोग्य ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। बाबा साहेब ने कहा था शिक्षा बराबरी के लिए सबसे बड़ा हथियार है, लेकिन मोदी सरकार उस हथियार को कुंद करने में जुटी है।राहुल गांधी ने दावा किया कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में 60 प्रतिशत से ज्यादा प्रोफेसर और 30 प्रतिशत से ज्यादा एसोसिएट प्रोफेसर के आरक्षित पदों को ह्स्न्स (अयोग्य उम्मीदवार) बताकर खाली रखा गया है। यह कोई अपवाद नहीं है। आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, सभी जगह ये साजिश चल रही है। एनएफएस संविधान पर हमला है और सामाजिक न्याय से धोखा है। ये सिर्फ शिक्षा और नौकरी की नहीं, हक, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है।

## अगर पाकिस्तान ने फिर हमला किया तो उसका अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा, भाजपा नेता दिलीप घोष की चेतावनी

**पश्चिम मेदिनीपुर,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने मंगलवार को पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी। ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक रुख पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अगर उसने दोबारा भारत पर हमला किया, तो उसका नामो-निशान मिट जाएगा। घोष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना की कार्रवाई सटीक और प्रभावशाली रही है। उन्होंने विपक्ष से भी देश के हित में बोलने की अपील की।



# वक्फ एक्ट-1995 के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र को नोटिस

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- 1995 के कानून को 2025 में क्यों चुनौती दे रहे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ एक्ट, 1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से भी सवाल किए और पूछा कि 1995 एक्ट को 2025 में क्यों चुनौती दे रहे हैं। क्या इसे सुना जाना चाहिए। CJI बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि कोर्ट में 2013 के वक्फ संशोधन एक्ट को भी चुनौती दी गई है। इस पर CJI ने कहा कि वह भी 12 साल देरी हो रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर भी अब सुनवाई कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को 1995 के एक्ट को चुनौती देने वाली एक पुरानी याचिका के साथ जोड़ दिया। यह याचिका लॉ स्टूडेंट निखिल उपाध्याय की तरफ से दायर की गई है। उनकी याचिका को पारूल खेडा और हरिशंकर जैन की याचिका के साथ जोड़ा गया है।



याचिका में 1995 के प्रावधानों को रद्द करने की मांग निखिल उपाध्याय ने अपनी याचिका में वक्फ एक्ट, 1995 के विभिन्न प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए उनको रद्द करने की मांग की है। उनकी याचिका में कहा गया है कि केवल मुसलमानों के पास ही उनकी दान वाली संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित कानून है। अन्य धर्मों के पास ऐसा कोई कानून नहीं है। इसलिए वक्फ एक्ट, 1995 भेदभावपूर्ण है।

याचिका में यह भी कहा गया है कि संशोधन के बावजूद कानून के विभिन्न प्रावधान आर्टिकल 14 और 15 का उल्लंघन करने वाले हैं, जो कि मुस्लिम समुदाय को सरकारी और गैर मुस्लिमों की संपत्ति को हथियाने का अधिकार देते हैं।

केंद्र का पक्ष रख रहे एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बेंच को बताया कि कोर्ट ने 1995 के एक्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 2025 के संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ सुनवाई की अनुमति नहीं दी है। इसलिए, इस याचिका को 1995 के कानून को चुनौती देने वाली अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ने पर उसे कोई आपत्ति नहीं है।

## राज्य स्तरीय एथलीट के निधन पर शोक की लहर

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के सम्होता निवासी व विनर्स स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक उपाध्यक्ष व राज्य स्तरीय एथलीट उमाशंकर राय का बीती रात आईजीएमएस पटना में निधन हो गया। वे 52 वर्ष के थे।वे क ई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर विनर्स स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों तथा प्रखंड व जिले के खिलाड़ियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए विनर्स स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक, राष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच व पटना में बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि उमाशंकर राय राज्य स्तरीय उत्कृष्ट एथलीट थे तथा विनर्स स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक उपाध्यक्ष थे । वे कुशल आयोजन कर्ता भी थे।उनके निधन से विनर्स स्पोर्टिंग क्लब ने अपना स्तंभ को दिया है।उनके निधन से सम्होता के साथ-साथ जिले की भी बहुत क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है। जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है। वे मेरे बचपन के मित्र थे। कोई भी आयोजन उनसे करने के लिए मै कहता था तो वह कहते थे ÷चिंता मत कर सब हो जाई ÷ज्वे व्यवहार कुशल व मृदुभाषी भी थे। उनके निधन पर संवेदना व्यक्त करने वालों में शिक्षक नेता दिलीप कुमार सिंह,सुरेंद्र राम, राज कुमार सिंह,नरेंद्र सिंह,डा वशिष्ठ कुमार सिंह,संतोष प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रमुख अखिलेश्वर पासवान,मुखिया प्रतिनिधि सुभाष सिंह, अखिलेश्वर पांडेय, सुजीत दूबे,अभिषेक सिंह परशुराम सिंह सहित क ई अन्य भी शामिल है।

## दुधैला में दो पक्षों क़े मारपीट, एक युवक गिरफ्तार

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के दुधैला में शादी समारोह में डांस करने क़े लेकर हुए दो पक्षों में हुई मारपीट क़े बाद अगले दिन रविवार क़े पंचायत क़े दौरान हुए पुनः मारपीट क़े बाद एक पक्ष क़े तरफ से चली गोली कांड में दो लोग घायल हो गए थे। जहां पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर गोली क़े 3 खोखा बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार युवक मिथिलेश कुमार साह पिता स्वर्गीय मोहन शाह घर शाहपुर को आर्म्स एक्ट के तहत उसे जेल भेजा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों पक्षों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस घटना को लेकर दुधैला के घायल अशोक कुमार दास ने पीएमसीएच पटना में पुलिस को दिए गए बयान में कहा है कि उनके पड़ोसी राजेश दास की बेटी की शादी थी। इसी दौरान संगीत साह और मिथिलेश साह ने दरवाजा लगा रहे बारातियों के साथ विवाद शुरू कर दिया। किसी तरह मामला सुलझाया गया। आरोप है कि इसके बाद रविवार को गांव क़े साथियों के साथ उनके दरवाजे पर चढ़कर जाति सूचक गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी और गोली मारकर घायल कर दिया।

## बरामद बैग को वास्तविक धारक को सौंपा

**सिवान।** बसंतपुर थाना के चौकीदार राजेश कुमार को थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ा में एक बैग गिरा मिला। जिसमें सोने का चेन, चांदी का कड़ा, एक मोबाइल, 600 नकद एवं आधार कार्ड था। चौकीदार द्वारा उक्त बैग को थानाध्यक्ष को सुपुर्द किया गया एवं पुलिस द्वारा बैग के वास्तविक धारक की पहचान कर सुरक्षित सौंपा गया।

## कांड के अनुसंधान को प्रभावित करने के आरोप में मशरक इंस्पेक्टर निलंबित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** तरैया थाना में दर्ज कांड के अनुसंधान को प्रभावित करने के आरोप में अंचल पुलिस इंस्पेक्टर मशरक अशोक कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया। वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि आवेदक कृष्णा सिंह द्वारा तरैया थाना कांड सं0-32/25 एवं 42/25 में अंचल पुलिस इंस्पेक्टर मशरक के विरूद्ध अनुसंधान को प्रभावित करने का आरोप लगाया गया। उक्त आरोप की जाँच मशरक डीएसपी अमरनाथ से करायी गयी। जांचोपरान्त पद का दुरूपयोग कर कर मनमाने ढंग से पर्यवेक्षण टिप्पणी निर्गत करना पाया गया। तत्पश्चात एसपी (ग्रामीण) द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर पु0नि0 अशोक कु0 सिंह, अंचल पुलिस निरीक्षक, मशरख अंचल को निलंबित करते हुए लाइन हाजिर करने की अनुशंसा डीआईजी सारण से की गयी। प्राप्त अनुशंसा के आधार पर डीआईजी के द्वारा पु0नि0 अशोक कु0 सिंह, अंचल पुलिस निरीक्षक, मशरख अंचल को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित कर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ किया गया है। वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि सारण जिला पुलिस के द्वारा गलत कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी / कर्मी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी की जायेगी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी / कर्मी को पुरस्कृत किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री के बिहार दौरे को लेकर पुलिस अलर्ट, डीजीपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**पटना,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पहली बार आगामी 29 मई को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री 29 मई को पटना पहुंचेंगे और 30 मई को रोहतास जिले में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर बिहार पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने पटना में पुलिस अधिकारियों की बड़ी बैठक बुलाई है। बिहार पुलिस मुख्यालय में डीजीपी की अध्यक्षता में चल रही अहम बैठक में पुलिस के तमाम आला अधिकारी मौजूद हैं। बैठक में प्रधानमंत्री के बिहार दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। डीजीपी विनय कुमार ने एटीएस प्रमुख एडीजी पंकज दराद के साथ प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़े हर पहलू पर चर्चा की है। प्रधानमंत्री का पटना और रोहतास के बिक्रमगंज में कार्यक्रम तय है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस मुख्यालय ने हाई अलर्ट जारी किया है। पटना और रोहतास के एसपी के साथ पुलिस मुख्यालय के सभी प्रभाग के एडीजी और पटना रेंज के आईजी को अलर्ट भेजा गया है। आतंकी संगठनों और नक्सली संगठनों से प्रधानमंत्री की जान का खतरा बताया गया है और सुरक्षा के सभी मानकों का पूरा ख्याल रखने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री 29 मई को पटना पहुंचेंगे, जहां वे जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे।

इसके बाद वे बिहटा एयरपोर्ट की आधारशिला रखेंगे। पटना में उनका भव्य रोड शो भी होगा। रोड शो के दौरान जगह-जगह महिलाएं प्रधानमंत्री की आरती करेंगी और उन पर फूल बरसाए जाएंगे। रोड के दोनों ओर कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार के भाजपा सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की तैयारी और जमीनी कार्य की समीक्षा करना है। प्रधानमंत्री अपने दौरे के दूसरे दिन यानि 30 मई को बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, वहां से वे जनता को करोड़ों रुपये की योजनाओं की सौगात भी देंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में औरंगाबाद के नबीनगर में सुपर थर्मल पॉवर प्लॉन्ट का शिलान्यास करना भी शामिल है।

### छपरा में दोहरी हत्या से सनसनी :

# गोदरेज शोरूम के संचालक अमरेंद्र सिंह व उनके रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या

### दोनों जख्मी को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** शहर में अपराधियों ने एक बार फिर दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए मंगलवार देर शाम को दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतकों में गोदरेज शोरूम के ऑनर व सामाजिक कार्यकर्ता अमरेंद्र सिंह व उनके रिश्तेदार शंभूनाथ सिंह बताएं जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, दोनों बाइक से अपने घर शहर के उमानगर लौट रहे थे। इसी दौरान साढ़ा ढालाङ्कप्रभुनाथ नगर रोड में टेलीफोन एक्सचेंज के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और सिर व सीने में ताबड़तोड़ गोलियां मार दीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। खबर जिले में आग की तरह फैली, सहसा लोगों को घटना पर विश्वास नहीं हो रहा था। जो जहां सुना हतप्रभ रह गया। काफी संख्या में लोग बदहवास हालत में दौड़ कर अस्पताल पहुंचे। वहीं भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना से व्यवसायिक जगत में दहशत का माहौल है। अस्पताल पहुंचने वालो लोगों को



फाइल फोटो

अपने को खोने का एक तरफ गम था तो प्रशासन के खिलाफ आक्रोश भी झलक रहा था। मालूम हो कि जिले में बेलगाम अपराधियों के मंसूबा इस कदर बढ़ा है कि दिन दहाड़े घटना को अंजाम दे फरार हो जा रहे हैं। एक दिन पहले एकमा बाजार में स्वर्ण व्यवसाई के यहां लूटपाट के दौरान फायरिंग में दुकानदार जख्मी हो गया। वहीं लगभग एक पखवाड़ा पहले छपरा शहर में ही दो युवकों की मॉब लिंचिंग में बुरी तरह पिटाई में एक की मौत हो गई थी।

## लूट व गोलीकांड के पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी के परिजनों से मिले सांसद सिग्रीवाल



### अपराधियोंकी गिरफ्तारी व उनके संरक्षकों पर कार्रवाई की मांग

**दैनिक खोज खबर/एकमा।** अज्ञात अपराधियों के द्वारा लूटपाट व गोली कांड के शिकार नगर पंचायत एकमा बाजार के मीठा बाजार महावीर स्थान के समीप संचालित राजलक्ष्मी ज्वैलर्स के संचालक स्वर्ण व्यवसायी पंकज वर्मा के परिजनों से मंगलवार की दोपहर में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल मिले। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए घटना की कड़ी निंदा की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

सांसद श्री सिग्रीवाल ने कहा कि एकमा बाजार में बढ़ते अपराध चिंताजनक हैं। उन्होंने डीआईजी सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। सांसद ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल अपराधियों को ही नहीं, बल्कि यदि उनके कोई संरक्षक हैं तो उन्हें भी चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस दौरान सांसद सिग्रीवाल पीड़ित परिवार से मिल कर वरीय पुलिस अधिकारियों से फोन कर वार्ता की। जिसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व दोषियों को सख्त सजा दिलवाई जाएगी। उन्होंने व्यवसाईयों की सुरक्षा के लिए आर्म्स लाइसेंस दिलवाने में मदद करने, बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगवाने व सोने-चांदी की दुकानों वाले इलाके सहित एकमा के अन्य मुख्य कारोबार वाले बाजारों में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती कराने की मांग भी पुलिस अधिकारियों से की है।इस अवसर पर लूट व गोली के शिकार पंकज वर्मा के पिता रवींद्र वर्मा, व्यवसायी अनिल वर्मा, श्रवण प्रसाद, मुकेश प्रसाद सोनी, भोला सोनी, कामेश्वर प्रसाद वर्मा, सुनील रस्तोगी, रवि महतो के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, हेमनारायण सिंह, गौरव सिंह किशन, अमरजीत सिंह, चितरंजन सिंह, अविनाश चंद्र उपध्याय, संजय तिवारी आदि अन्य लोग मौजूद थे।

## आंदर में लूटकांड में शामिल दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

- एक कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, लूट की एक मोबाइल, मोटरसाइकिल के पार्टस, चाबी का गुच्छा बरामद
- अभियुक्त विनय द्वारा हथियार लेकर गृहरक्षक को धक्का देते हुए फायरिंग करते हुए भागने का किया गया प्रयास

**परवेज अख्तर/सीवान।** आंदर थाना क्षेत्र में हुए लूटकांड में शामिल मुख्य अभियुक्त सहित एक अन्य बदमाश को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बदमाशों के पास से पुलिस ने एक कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, लूट की एक मोबाइल, लूटी गई चाबी का गुच्छा, मोटरसाइकिल का पार्टस बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान आंदर थाना क्षेत्र के बेलही निवासी विनय सिंह व हुसैनगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया निवासी शहबाज खान के रुप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार विनय सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध आंदर, जीरादेई, हुसैनगंज, रघुनाथपुर, असांव थाना में लूट, आर्म्स एक्ट के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने प्रेसनोट जारी कर बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर आंदर थाना कांड संख्या 134/25 के अभियुक्त विनय सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की तलाशी ली गई तो उसके पास से लुटी गई मोबाईल को बरामद किया गया। उससे पूछताछ करने के दौरान उसकी निशानदेही पर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया निवासी शहबाज खान के घर में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में शहबाज खान के पास से एक देसी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया। साथ ही लुटी गई मोटरसाईकिल के पार्टस के साथ उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को थाना लाकर पूछताछ की गई तो अभियुक्त विनय सिंह द्वार घटना में प्रयुक्त हथियार को आंदर थाना क्षेत्र के भीखपुर रोड में कचरा घर के निकट झाड़ी में छुपा कर रखने की बात कही गई। तत्पश्चात् पुलिस बल अभियुक्त के साथ उक्त स्थान पर पहुंची। जहां छिपाए गए हथियार को खोजने के क्रम में अभियुक्त विनय सिंह द्वारा हथियार को लेकर गृहरक्षक को धक्का देते हुए भागने का प्रयास किया गया एवं हथियार से फायरिंग भी की गई। इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां उपस्थित पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में फायरिंग कि गई। जिसमें से एक गोली अभियुक्त के हाथ में तथा एक गोली पैर में लगी। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।अभियुक्त विनय सिंह के विरुद्ध विभिन्न थानों में हैं मामला दर्ज है।

## अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो सर्राफा स्वर्णकार संघ करेगा चरणबद्ध आंदोलन

### संघ ने पुलिस प्रशासन को दी चेतावनी, व्यवसायियों की सुरक्षा की उठाई मांग

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** एकमा में सर्राफा व्यवसायी के साथ हुई लूट व गोलीकांड की घटना को लेकर आक्रोशित सर्राफा व्यवसायियों ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है। सर्राफा स्वर्णकार संघ, छपरा की ओर से मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यदि पुलिस प्रशासन 72 घंटे के भीतर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं करता है, तो संघ के बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

संघ के संस्थापक कृष्ण कुमार वैष्णवी, संरक्षक चांदनी प्रकाश, अध्यक्ष अमित गोल्ड व महासचिव आज़ाद भारती ने कहा कि लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है और प्रशासन की निष्क्रियता से असंतोष गहरा रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, जिसके लिए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी आवश्यक है।सर्राफा व्यवसायियों ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।




### एकमा में सर्राफा व्यवसायी से लूट व फायरिंग के विरोध में दुकानें बंद रख कर जताई नाराजगी

#### 72 घंटे में गिरफ्तारी की मांग, बाजार में सीसीटीवी लगाने की उठी मांग

**संवाददाता,एकमा (सारण)।** सर्राफा व्यवसाई से जुड़े एक व्यापारी के साथ सोमवार को हुई लूट व फायरिंग की घटना के विरोध में मंगलवार को एकमा बाजार के सर्राफा व्यवसायियों ने अपनी दुकानों को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने प्रशासन से घटना में शामिल अपराधियों की 72 घंटे के भीतर गिरफ्तारी करने व बाजार में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की। व्यवसायियों ने यह भी मांग की कि बाजार में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। बंदी के दौरान सोना-चांदी की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं, जबकि अन्य मोहल्लों की अधिकांश दुकानें खुली रहीं। बंदी का असर महावीर स्थान, हंसराजपुर व सुपर बाजार के आसपास के क्षेत्रों में देखा गया, जहां सर्राफा से जुड़ी अधिकांश दुकानें बंद रहीं। इस दुकानों की बंदी का नेतृत्व श्रवण प्रसाद, अनिल वर्मा, रविंद्र प्रसाद, मुकेश प्रसाद सोनी, भोला सोनी, कामेश्वर प्रसाद वर्मा समेत अन्य व्यापारियों ने किया। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

## मकान निर्माण का सामान खरीदने जा रहे युवक से मारपीट कर नगदी छीनी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में इलाज के लिए घायल एक युवक को भर्ती कराया गया जहां उसकी पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के पकड़ी नरोतम गांव निवासी अवधेश कुमार सिंह के 25 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार सिंह उर्फ मिकू के रूप में हुई। घायल का दंत चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार किया। घायल ने बताया कि मकान निर्माण के लिए सामान खरीदने जा रहा था कि रास्ते में गांव की युवकों ने घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया वहीं ढेर लाख रुपए नगदी छीन लिए। घायल के द्वारा गांव के ही युवकों को घायल करने और रूपये छीनने के लिए आरोपित किया।

## भूमि विवाद को ले हुई फायरिंग में गोली लगने से वृद्ध घायल

**दैनिक खोज खबर /सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के महुआभुसा में भूमि विवाद को लेकर फायरिंग में एक वृद्ध के घायल होने का समाचार प्राप्त हुआ है। घायल वृद्ध 70 वर्षीय बच्चा सिंह पिता बिंदेश्वरी सिंह बताये जा रहे हैं। घटना भूमि विवाद एवं रास्ते से संबंधित बताया जा रहा है, जिसमें बच्चा सिंह एवं बृजकिशोर सिंह के बीच विगत कुछ दिनों से तनाव की स्थिति बनी हुई है। बच्चा सिंह के पक्ष का कहना है कि वे विगत रात्रि अपने पड़ोसी प्रभुनाथ सिंह के घर सो रहे थे, तभी रात्रि लगभग एक बजे के आसपास दूसरे पक्ष के लोग गाली-गलौज करने लगे, जिसका विरोध किया तो फायरिंग करते हुए उनके पैर में गोली मार दी गई, घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए घटनास्थल से दो खोखा बरामद कर घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं इस संबंध में दूसरे पक्ष से बृजकिशोर सिंह का कहना है कि एक सप्ताह पहले बच्चा सिंह के कटहल तोड़े जाने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसको लेकर दोनों पक्षों द्वारा अपने-अपने हिस्से की जमीन में रास्ता बंद कर दिया गया. इसको लेकर दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए 22 मई को थाने मेंआवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई. वहीं सगे-संबंधियों एवं पंचों द्वारा इस घटना के एक दिन पहले पंचायती कर रास्ता खुलवाने एवं विवाद समाप्त कराने के लिए चार दिन का समय दिया गया. विवाद खत्म न करने के उद्देश्य से हमारे ऊपर षड्यंत्र रच कर बेबुनियाद आरोप लगाये जा रहे हैं. इस संबंध में थाना प्रभारी उमेश कुमार पासवान ने कहा कि घटनास्थल से दो खोखा बरामद कर घायल पक्ष से प्रभुनाथ सिंह के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.

## युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

मकेर(सारण)। थाना क्षेत्र के डीही ग्राम निवासी एक युवती ने अपने गर्दन में फंदा लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है । घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि युवती का शव घर के कमरे में फंदे से लटकते हुए पाया गया ।यह देखते ही घर मे कोहराम मच गया । मृत युवती पीर मकेर पंचायत की डीही ग्राम निवासी स्व. हरकित राय की 19 वर्षीय पुत्री बतायी गयी है। इस घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि घर में किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था । वह खाना खाकर घर रात्रि के समय अपने कमरे में गयी और फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली ।सुबह जब घर के परिवार उसके कमरे में जाकर देखा तो हतप्रभ हो गया ,सामने वह फंदे पर मृत पड़ी है ।इसकी जानकारी मकेर थाना को दी गई ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।साथ ही आत्म हत्या की कारणों की जांच की जायगी । फिलहाल परिवार के लोग सदमे में है, जबकि ग्रामीण इस घटना से मर्माहत है।

## आरोप - दहेज में बाइक के लिए विवाहिता की हत्या

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के दुरगौली पंचायत के बसोही गांव में दहेज में बाइक के लिए विवाहिता की मारपीट और जहर देकर निर्मम तरीके से हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल छपरा में पोस्टमार्टम करा मंगलवार को परिजनों को सौंप दिया। मृतक विवाहिता की पहचान बसोंही गांव निवासी अभिमन्यु सिंह उर्फ मनु की 22 वर्षीय पत्नी सोनाली देवी के रूप में हुई।मृतक के परिजनों ने बताया कि सिवान जिले के कौड़ियां गांव निवासी रमेश सिंह की बेटी सोनाली देवी की वर्ष 2024 के मार्च महीने के 2 तारीख को मशरक के बसोही गांव में हदया शंकर सिंह के पुत्र अभिमन्यु सिंह उर्फ मनु से हुई। शादी के बाद से ही दहेज में बाइक और अन्य सामान के लिए मारपीट और प्रताड़ित किया जा रहा था। उसी को लेकर पहले मारपीट की गयी और जहर देकर मार दिया गया। परिजनों ने बताया कि इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हुई। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि ससुर को हिरासत में ले कर पूछताछ की जा रही है। परिजनों के आवेदन देने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएंगी।

## महिला संवाद कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

**आंदर (सिवान)।** प्रखण्ड के पतार पंचायत के पतार कचहरी व सानी सोनकरा गाँव में मंगलवार की दोपहर 2 बजे बीपीएम विश्वकर्मा पटेल के नेतृत्व में प्रांजल ग्राम संगठन व अर्जुन ग्राम संगठन के बीच महिलाओ के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।बीपीएम ने महिला संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आंदोलन है जो आगे चलकर गांव के नीति निर्माण एवं महिला सशक्तिकरण में बहुत बड़ा भूमिका निभाएगा।उन्होंने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी हुई सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया।संवाद में उपस्थित सभी महिलाओं ने एक स्वर में प्रखंड स्तर पर डिग्री कॉलेज एवं लड़कियों के लिए पुस्तकालय खोलने की की मांग किया। इस दौरान कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार रंजन समेत सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

## भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**सिसवन (सिवान)** -सिसवन भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को बखरी स्थित एक मठ परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अवधेश यादव ने की। बैठक में मंडल को सशक्त करने तथा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। जिला प्रवक्ता देवेंद्र तिवारी ने पार्टी के अद्यतन दिशा निर्देश से अवगत कराते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के कठिन मेहनत से ही पार्टी को चुनावी सफलता मिलेगी। लोगों का भाजपा पर भरोसा बढ़ा है, लेकिन जीत के लिए और मेहनत करनी होगी। इस दौरान मंडल प्रभारी रमेश तिवारी, अशोक मांझी, शंकर गिरि, गौतम भारती, अमित भारती, विनोद चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## आज से होगा नगर पंचायत हसनपुरा के वार्ड पार्षद के अभ्यर्थियों का नामांकन

**हसनपुरा(सिवान)।** नगर पंचायत हसनपुरा के वार्ड एक में वार्ड पार्षद का चुनाव होना है। इसके लिए कोषांग का गठन कर लिया गया है। बुधवार से अभ्यर्थियों का नामांकन किया जाना है। काउंटर संख्या एक पर नामांकन का कार्य बीडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी आनंद प्रकाश के नेतृत्व में किया जाएगा। यह नामांकन एक सप्ताह तक चलेगा। वहीं 28 जून को चुनाव होना निश्चित है। चुनाव अरंडा टोला नवादा स्थित दारोगा राम के मकान समीप चलंत मतदान केंद्र पर होगा।

## पैक्स प्रबंधक के शव बरामदगी मामले में प्राथमिकी नहीं

**सिवान।** दरौली थाना क्षेत्र के बेलांव चंवर में सोमवार बेलांव पैक्स प्रबंधक का शव पुलिस ने बरामद की थी। मृतक की पहचान बेलांव निवासी विकास कुमार राय के रूप में हुई थी। इस मामले में मंगलवार की शाम तक स्वजन द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। इस संबंध में दरौली थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि मृतक पैक्स प्रबंधक रविवार की दोपहर घर से निकले थे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से स्कूटी सवार अधेड़ घायल, रेफर

**रघुनाथपुर (सिवान)।** थानाक्षेत्र के पिपरा गांव में टारी-चैनपुर मुख्य सड़क पर मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया।ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान पिपरा निवासी सोनू भगत (50) के रूप में हुई है। वहीं घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।बताया जाता है कि सोनू भगत अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर टारी की तरफ से आ रहा था। ट्रैक्टर का तेज गति होने के कारण चालक अनियंत्रित होकर स्कूटी में धक्का मार दिया। जब तक ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित होते हुए चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। वहीं घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यज्ञशाला की परिक्रमा करने से कष्टों का होता है निवारण - आचार्य

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जगदीश्वर हनुमान मंदिर कि छठे वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय संकटमोचन हनुमत महायज्ञ को लेकर प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूजा अर्चना एवं यज्ञ मंडप की परिक्रमा में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। इस दौरान जय श्रीराम, हर-हर महादेव, जय हनुमान के उद्घोष तथा आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस दौरान यज्ञाचार्य पंडित मनीष तिवारी ने बताया कि जो भक्त सच्चे मन से भगवान को साक्षी मानकर यज्ञशाला की परिक्रमा करते हैं, भगवान उनके अंदर समाहित सारे दुखों, कष्टों, विकारों से मुक्त कर कोमल काया एवं मन की शांति प्रदान करते हैं। इंसान काम, क्रोध, लोभ, मोह को त्यागकर अपने आपको संसार के असहाय प्राणियों को सच्चे मन से सेवा प्रदान कर अपने जीवन को सार्थक बनाता है। उन्होंने बताया कि ग्रंथों के अनुसार यज्ञस्थल पर साक्षात देवी देवताओं का वास रहता है तथा हर प्राणी की मनोकामना पूर्ण होती है। परिक्रमा करने से मनुष्य को भौतिक जीवन में भी अनेकों फायदे होते हैं। इस अवसर यजमान दंपती जगदीश साह, विंदा देवी, मदन गुप्ता, महेश गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, मंटू साह, राजकुमार, दिलीप कुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बिजली चोरी मामले में दो महिला सहित चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मुबारकपुर विद्युत सब स्टेशन के विशेष छापेमारी टीम ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर बिजली की चोरी करते चार लोगों को पकड़ा। इस मामले में विद्युत विभाग के जेई अवधेश कुमार ने थाना में आवेदन देकर भागर निवासी मुन्ना अली, सीमा देवी, नोनियापट्टी निवासी शैलेंद्र साह, सिसवन निवासी चिंता देवी के विरुद्ध विद्युत क्षति का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि विद्युत चोरी मामले में दो महिला समेत चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है।

## शरारती तत्वों की दबंगई से सड़क दुर्घटना में बच्ची घायल

**तरवारा (सिवान)।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा बाजार स्थित इंदिरा चौक पर मंगलवार की शाम को बाइक सवार बदमाशों द्वारा एक लौरी (ट्रक) को ओवरटेक करने को लेकर चालक को जबरन गाड़ी से उतार कर मारपीट किया गया। इस दौरान बाइक सवार और एक बच्ची अचानक से गाड़ी के आगे आ गई और वह घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्ची को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं सड़क दुर्घटना के बाद तरवारा बाजार पर घंटों जाम लगा। इससे लोग जाम में फंसे रहे। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है।

# एक हजार वोट डाल कर मास्टर प्रशिक्षकों ने किया इवीएम का मॉक पोल टेस्ट

## लोड टेस्टिंग में 240 बीयू के 60 सेट मशीनें हुई पास

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** लोक सभा आम निर्वाचन की तैयारियों के तहत इवीएम वीवी पैट के प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) प्रक्रिया के अंतर्गत मंगलवार को मॉक पोल किया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने सम्पूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया. उन्होंने बताया कि जिले में उपलब्ध 6210 बीयू, 4993 सीयू और 6134 वीवी पैट का एफएलसी सोमवार को पूर्ण कर लिया गया था. जिसमें 111 बीयू, 45 सीयू और 57 वीवी पैट को रद्द कर दिया गया. शेष 6099 बीयू, 4948 सीयू और 6077 वीवी पैट चुनाव में उपयोग के लिए सही पायी गयी हैं. जिलाधिकारी ने बताया कि एफएलसी ओके और रिजेक्ट का सर्टिफिकेट चुनाव आयोग को प्रेषित किया जा चुका है. वहीं दैनिक आधार पर राजनीतिक दलों को भी सूची प्राप्त करायी गयी है.

### लोड टेस्टिंग रहा सफल

मौके पर मौजूद उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने बताया कि लोड टेस्टिंग के लिए 240 बीयू को चार-चार की संख्या में सीरीज कर सीयू और वीवी पैट के साथ कुल 60 सेट बनाए गए. वीवी पैट में 64 डमी सिम्बल लोड किया गया. जबकि बीयू में 64 डमी बैलेट पेपर लगाए गए. इस टेस्टिंग का तात्पर्य 16 से अधिक अभ्यर्थी की स्थिती में मशीन की क्षमता जाँचना होता है. लोड टेस्टिंग में कोई भी समस्या या त्रुटि नहीं आयी. सभी प्रक्रिया को इसीआईएल के इंजीनियरों ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न किया.

### सौ मशीनों पर किया गया मॉक पोल

इवीएम सेल के वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि लोड टेस्ट संपन्न होने के पश्चात राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कुल एफएलसी ओके में से 100 मशीनों का याच्छादृत रूप से चयन किया गया. जिनपर एक हजार मॉक पोल प्रारम्भ किया गया. इस कार्य के लिए 90 मास्टर ट्रेनर की अलग से प्रतिनियुक्ति की गयी है. पोल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. किसी मशीन में अंत तक कोई त्रुटि नहीं हुई.

### 12 सौ और पांच सौ की मॉक पोल आज

नोडल पदाधिकारी सह डीएमडब्लूओ रवि प्रकाश ने बताया कि मैनुअल ऑफ इवीएम के प्रावधान के अनुसार कुल एफएलसी ओके सीयू के पांच प्रतिशत पर मॉक पोल किया जाना है. जिसमें 100 मशीन पर आज मॉक पोल हो गया. वहीं 50 मशीन पर 12 सौ और 100 मशीन पर एक हजार मत डाल कर जांच किया जाएगा. उन्होंने कहा कि पोल समाप्त होने पर वीवी पैट की पर्ची से सीयू का रिजल्ट मिलान किया जाता है. सभी मशीनों की सूची चुनाव आयोग की साइट पर अपलोड किया जाएगा. इस अवसर पर भाजपा के सत्यानंद सिंह, बीएसपी के मनोज राम, आरजेडी के उपेन्द्र कुमार, जदयू के प्रभाष शंकर, सीपीआई एमएल के हिमांशु कुमार, एलजेपी के दीपक कुमार सिंह तथा आरएलएसपी के डॉ अशोक कुशवाहा उपस्थित थे.



## नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ 30 से, सभी तैयारियां पूरी



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के कटसा पंचायत के मानपुर अरना कोठी में नौ दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ व शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालु भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।महायज्ञ व मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आचार्य पंडित प्रवीण कुमार मिश्रा व विवेक पाण्डेय ने बताया कि मानपुर गांव में आयोजित नौ दिवसीय विराट श्री रूद्र महायज्ञ व शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 30 मई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें हजारों नर-नारी शामिल होगें?31 मई को पंचांग पूजन,मंडप प्रवेश व वेदी पूजन,1 जून को वेदी पूजन व अरणी मंथन किया जाएगा। 2 मई को दैनिक पूजन,हवन जलाधिवास 3 मई को दैनिक पूजन,हवन व फलादिवास 4 मई को दैनिक पूजन,मूहस्नान,नगर परिक्रमा व शैययाधिवास 5 मई को दैनिक पूजन,हवन व प्राण-प्रतिष्ठा 6 मई को दैनिक पूजन व हवन 7 मई को महायज्ञ की पूर्णाहूति होगी।श्री रूद्र महायज्ञ को लेकर झूला,मौत का कुआं,मीना बाजार व दुकानें जोर-शोर से लग रहे हैं।बहरहाल,श्री रूद्र महायज्ञ को लेकर मानपुर गांव के अरना कोठी का चप्पा-चप्पा पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है।

## प्रखंड सभागार भवन का हुआ उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक के दौरान विकास के मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। इस मौके पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नए सभागार भवन का उद्घाटन स्थानीय विधायक छोटे लाल राय और प्रखंड प्रमुख मालती देवी ने संयुक्त रूप से किया। बीडीसी के फंड से बने इस भवन में टेबल, कुर्सी से लेकर एसी तक की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो जिले में प्रखंड स्तर पर पहला ऐसा सभागार है।भविष्य में इस भवन के छत पर और निर्माण कार्य किए जाएंगे और प्राथमिकता के आधार पर छठ घाट का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस अवसर पर बीडीओ दीनबंधु दिवाकर, सीडीपीओ अंजू सिंह, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह सहित मुखिया चन्द्र शेखर सिंह और पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी, ज्ञानती देवी, सीमा देवी के प्रतिनिधि नवीन राय, अशोक चौधरी और अशोक साह उपस्थित रहे।

## मैट्रिक व इंटर में प्रथम स्थान वाले छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** रामावतार उच्च माध्यमिक विद्यालय बसतपुर शोभेपुर में मंगलवार को इंटरमीडिएट व मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।स्कूल परिसर में आयोजित प्रोत्साहन सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए।इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान शिल्पी कुमारी व मैट्रिक में प्रथम स्थान पाने वाली सुप्रिया कुमारी पुरस्कृत की गई।पुरस्कार पाते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।इस मौके पर पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय,प्राचार्य राजकुमार पाल,विनोद कुमार,धनंजय कुमार,अशोक कुमार आर्य आदि उपस्थित थे।

## डुमरसन पैक्स प्रबंधक के पद पर बनें रहेंगे ओमकार कुमार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** संयुक्त निबंधक सहयोग समिति सारण प्रमंडल छपरा ने अपने एक आदेश के माध्यम से मशरक के डुमरसन पैक्स प्रबंधक के पद पर पूर्व के प्रबंधक ओमकार कुमार को बरकरार रखा हैं जबकि पैक्स अध्यक्ष को यह आदेश मंजूर नहीं है आपकों बता दें कि गत दिसम्बर माह में नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार ने नियम और विभागीय आदेशों का उल्लघंन करते हुए पैक्स प्रबंधक पद से ओम कुमार कुमार को हटा कर उनके जगह पर एक सहायक पैक्स प्रबंधक को नियुक्त कर दिया था। इसके बाद ओमकार कुमार ने स्वयं इसकी शिकायत संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां जे आर सारण में एक परिवाद दायर कर उक्त पद पर नियमानुसार पुनः बहाल किए जाने की मांग की। जिसके आलोक में सारण जे आर मशरूम आलम ने इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई की। सुनवाई के उपरांत यह पाया गया कि नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष द्वारा पूर्व के पैक्स प्रबंधक को हटाया जाना नियम के विरूद्ध है। और वह पुनः पूर्व पैक्स प्रबंधक के पद पर ओमकार कुमार को रहने का आदेश दिया।

## दरियापुर प्रखंड के दरिहारा पंचायत में परशुराम राय निर्विरोध उपमुखिया निर्वाचित

### भूमि उप समाहर्ता की देखरेख में चुनाव संपन्न, बीडीओ ने सौंपा प्रमाण पत्र

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)** प्रखंड क्षेत्र के दरिहारा पंचायत में उपमुखिया पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों में से किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके चलते वार्ड सदस्य परशुराम राय को निर्विरोध रूप से उपमुखिया घोषित किया गया।यह पूरी चुनावी प्रक्रिया भूमि उप समाहर्ता सह प्रेक्षक राशि कुमारी की निगरानी में सम्पन्न हुई। मौके पर बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी दीनबंधु दिवाकर ने परशुराम राय को उपमुखिया पद का प्रमाण पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने इस अवसर पर परशुराम राय को बधाई दी और उनके कार्यकाल में पंचायत के सर्वांगीण विकास की उम्मीद जताई।परशुराम राय की निर्विरोध जीत को पंचायत क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण लोकतांत्रिक परंपरा की मिसाल बताया जा रहा है।

## इलाज के अभाव में गंभीर बीमारी से ग्रस्त गुड्डू ने तोड़ा दम

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेनौत गांव निवासी गंभीर बीमारी से ग्रसित 35 वर्षीय गुड्डू बांसफोर की मंगलवार को इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान मौत हो गयी. विगत कुछ महीनों से वो किडनी रोग से ग्रस्त था और आर्थिक तंगी के कारण वो अपना उचित इलाज नहीं करा सका, स्थानीय लोगों कि मानें तो कई बार स्थानीय सांसद व विधायक का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया था पर किसी भी नेता व जनप्रतिनिधि ने गरीबी का दंश झेल रहे गुड्डू बांसफोर के जख्मों पर मरहम लगाना तक मुनासिब नहीं समझा.

**समाजसेवी ने सहायता को बढ़ाया हाथ-** ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय समाजसेवी असहनी पंचायत अंतर्गत योगियां गांव निवासी झारखंड पुलिस में कार्यरत विकास कुमार सिंह ने परिजनों को आर्थिक सहयोग किया और रोगग्रस्त मरीज के इलाज की संपूर्ण जिम्मेवारी ली, इस दौरान समाजसेवी द्वारा अपनी निजि वाहन से मंगलवार को इलाज हेतु पटना ले जाने के क्रम में छपरा में हीं उसने दम तोड़ दिया, विधाता को शायद यही मंजूर था,विदित हो कि मृतक के बड़े भाई सुरेश बांसफोर (40) की भी दो साल पहले फेफड़े की बीमारी के कारण इलाज के अभाव में मौत हो गयी थी.

## बीस सूत्री की बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीस सूत्री कार्यक्रम समन्वयक समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह उर्फ बबलू सिंह ने की। बैठक में पदाधिकारियों की अनुपस्थिति एवं विभिन्न विभागों में चल रहे अनियमितता को लेकर सदस्यों ने शोर मचाना शुरू किया। सदस्यों ने दाखिल खारिज, कर्मियों द्वारा अवैध वसूली, माल गोदाम से अनाज तौल कर नहीं देने, आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की कम उपस्थिति, विद्यालयों में रंग रोगन, स्वास्थ्य विभाग में समय तकनीकी सहायक नहीं आने आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं उमाशंकर सिंह ने बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों से वसूली एवं निजी भवन में संचालन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि प्रखंड के अधिकतर पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन निजी भवन में होता है। इसके साथ ही पोषाहार के बदले सेविका व सहायिका से तीन हजार रुपये तक लिया जा रहा है। उन्होंने अध्यक्ष से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच कर रिपोर्ट सौंपने की बात कही। पूर्वी मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार भारती ने रानीबारी में एक भवन में विद्यालय के संचालन होने पर उसको दूसरे जगह शिफ्ट करने की बात कही। उनका कहना है कि भूमि उपलब्ध है, दूसरे स्थान पर विद्यालय बनाई जा सकती है। सदस्य मनीष सिंह ने कहा कि कई पंचायत में नल जल योजना का संचालन नहीं हो रहा है। साथ ही वहां के पंप संचालकों का मानदेय भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एफसीआइ गोदाम में माप तौल करने के लिए मशीन नहीं लगाई गई है जिससे डीलरों को कम वजन पर राशन मिल रहा है। इससे डीलर लाभुकों को कम राशन दे रहे हैं। सदस्य हरि प्रेम ने मनरेगा से मामला उठाया कि मेठ के रहते हुए भी एक निजी व्यक्ति द्वारा गलत उपस्थिति बनाकर पैसे की बंदरबांट कर ली जा रही है। उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि विद्यालय की मरम्मती एवं रंग-रोगन का कार्य केवल आगे से हुआ है, बाकी अन्य दिशा में बिना रंग रोगन के ही पैसे का उठाव कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन के स्थानीय बाजार पर कई चिकित्सा केंद्र एवं निजी विद्यालय चलाए जा रहे हैं। उसकी जांच कर जल्द से जल्द कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मौके पर प्रभारी बीडीओ वैभव शुक्ला, बीईओ सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सौरभ सुमन, कृषि पदाधिकारी विक्रमा मांझी, पीएचईडी जेई कुंज बिहारी, संजीव कुमार सिंह, बेबी देवी, पप्पू पासवान, मधेश कुमार आदि उपस्थित थे।



अपर समाहर्त्ता ने हरिहरनाथ कॉरिडोर के विकास की योजना को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नगर परिषद सोनपुर में हरिहरनाथ कॉरिडोर के विकास की योजना को लेकर मंगलवार को अपर समाहर्त्ता मुकेश कुमार ने सोनपुर पहुँच कर स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियो को कई दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर स्निग्धा नेहा, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सोनपुर रशिम कुमारी , आर ओ राजकमल,कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सोनपुर रंजीत कुमार , नगर जेई मनोरंजन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सारण की पावन धरती पर बुधवार को पधारेंगे श्री शेर सिंह राणा

**बनियापुर (दैनिक खोज खबर)।** सारण महर्षि दधीचि की पावन धरा पर अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वी राज चौहान की अस्थि अवशेष को अफगानिस्तान से वापस लाने वाले योद्धा श्री शेर सिंह राणा को 28 को होगा छपरा में आगमन। राजपा सत्य के सारण जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया कि सारण की धरती को एक बार फिर से जागृत करने को लेकर हमारी संगठन प्रयास कर रही है। हमारी पार्टी राजनीतिक धर्म से ऊपर उठकर मानता और मानव जीवन के प्रतीक माना गया है। श्री राणा के आगमन पर छपरा में भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं शेर सिंह राणा छपरा के लोगों के बीच अपनी विचार रखेंगे इसके उपलक्ष्य में 18 मई को सुबह में 11:00 बजे प्रेस वार्ता रखी गई है। इसके माध्यम से श्री शेर सिंह राणा की बातों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रयास की जाएगी।

## केन्द्रीय विद्यालय में चल रहे समर कैम्प में बच्चों ने जानी रोजमर्रा की जानकारी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** केन्द्रीय विद्यालय मशरक में चल रहे सप्तदिवसीय ÷भारतीय भाषा समर कैंप÷ का द्वितीय दिवस बच्चों ने ऑनलाइन माध्यम से वार्तालाप अभ्यास किया। बच्चों ने ऑनलाइन खरीदारी की, रेस्तरां में भोजन ऑर्डर किया, बस स्टॉप पर रास्ता पूछा, यातायात के नियमों संबंधी बात एक दूसरे को समझाया तथा चालकों व आम नागरिकों से बातचीत के माध्यम से मैथिली भाषा को सीखा। इसके साथ ही इस भारतीय भाषा समर कैंप कार्यक्रम में बच्चों को मैथिली सिखा रहे शिक्षक राहुल कान्त पाण्डेय ने बच्चों को भाषा की उत्पत्ति के बारे में बताया तथा मैथिली भाषा में विभिन्न शब्दों के हिंदी तथा अंग्रेजी अनुवाद का अभ्यास कराया। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को अध्ययनरत भाषा के अलावा एक नयी भाषा को सिखाना है। जिससे बच्चों के भाषायी कौशल का विकास हो सके। बच्चे अत्यंत उत्साह के साथ इस समरकैंप में सहभागिता कर रहे हैं और मैथिली भाषा में वार्तालाप सीख रहे हैं। मौके पर प्राचार्या रंजना झा मौजूद रहीं।

## 16 शस्त्रों का हुआ भौतिक सत्यापन

**सिसवन (सिवान)** ÷आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सिसवन थाना में मंगलवार से शस्त्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू हो गया। सीओ पंकज कुमार ने बताया कि मंगलवार को कुल 16 शस्त्रों का सत्यापन किया गया। सत्यापन का कार्य दो जून तक चलेगा।

## तीन दिवसीय उर्स शुरू

**हसनपुरा (सिवान)** हसनपुरा स्थित हजरत सैयद मखदूम साहब का सालाना तीन दिवसीय उर्स मंगलवार से शुरू हो गया है। पहला दिन मजलिस का प्रोग्राम हुआ। वहीं दूसरे दिन बुधवार को जलसा का प्रोग्राम तथा तीसरे दिन गुरुवार को कव्वाली का आयोजन होगा।

## शिविर में बना 265 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड

**दारौंदा (सिवान)** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से प्रखंड में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस अभियान के तहत दूसरे दिन भी मंगलवार को शिविर में 265 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। शिविर का आयोजन प्रभारी बीडीओ वैभव शुक्ला के नेतृत्व में किया गया, इसमें प्रखंड की सभी 17 पंचायतों में व्यापक स्तर पर कैंप लगाए गए। जिलाधिकारी के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस लाभकारी योजना से वंचित न रह जाए। आयुष्मान भारत योजना का मुख्य लक्ष्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पांच लाख रुपये तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें किसी भी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक बोझ न उठाना पड़े।

## डीएम से संबद्धता नियमावली वापस लेने की मांग

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** बिहार प्रदेश माध्यमिक शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ ने डीएम को ज्ञापन देकर अधिनियम 1981 की धारा 19 के तहत पूर्व से मान्यता प्राप्त एवं 715 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों पर थोपे गए संबद्धता विनियमावली 2011 को वापस लेने की मांग की है। संघ के जिला संयोजक पारसनाथ प्रसाद ने 715 माध्यमिक विद्यालय की स्थापना, बिहार अराजकीय माध्यमिक विद्यालय (प्रबंध एवं नियंत्रण ग्रहण) अधिनियम 1981 की धारा 19 के तहत विभिन्न बातों की जानकारी देते हुए कहा है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति नियमावली 1952 में स्पष्ट प्रावधान है कि विद्यालय का अर्थ राज्य सरकार से स्थापना अनुमति एवं प्रस्वीकृति प्राप्त है, इसलिए इन विद्यालयों की संबद्धता विनियमावली 2011 लागू नहीं की जाए। इस नियमावली में केवल परीक्षा के लिए विद्यालयों को संबद्धता प्रदान किया जाता है, इसमें शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को सरकार की ओर से कोई सहायता देने का प्रावधान है।

## उम्मीदें रंग लाएंगी, माई बहिन मान योजना से जिंदगी मुस्कुराएगी : सुशील

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** कांग्रेस ने बिहार की बहनों व बेटियों के सशक्तीकरण के लिए ऐतिहासिक पहल की है। माई बहिन मान योजना के अंतर्गत कांग्रेस की अगुवाई में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बिहार राज्य की पात्र बहनों एवं बेटियों को प्रति माह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में दी जाएगी, जिससे यह योजना ने केवल आर्थिक राहत देगी, बल्कि बिहार की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएगी। यह बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। पूर्व जिला पार्षद इंदु देवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव देश की महिलाओं के अधिकार और सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पूनम सिंह ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू की, जिसके तहत प्रत्येक महिला को प्रति माह 2000 सीधे बैंक खाते में दिया जा रहा है। इसका लाभ 1.35 करोड़ महिलाओं को मिल रहा है। एनएसयूआइ की प्रदेश उपाध्यक्ष भाग्य भारती ने कहा कि प्रदेश सरकार पर गरीबों की हकमारी करने का आरोप लगाया। प्रदेश प्रतिनिधि डा. के. एहतेशाम अहमद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने महंगाई की मार से आम जन-जीवन को संकट में डाल दिया है। 60-70 रुपये का पेट्रोल-डीजल 100 रुपये के पार कर दिया तथा 400 रुपये का गैस सिलेंडर 1000 अधिक, दाल 60 से 200 रुपये तक पहुंच गए हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष डा. विधु शेखर पांडेय ने कहा कि भाजपा-जेडीयू सरकारों के झूठे वादे जिसमें दिल्ली में भाजपा ने महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था, चुनाव के बाद मुकर गई। महाराष्ट्र में वादा किया था कि महिलाओं को 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये दिए जाएंगे, चुनाव जीतने के बाद भूल गए। यही हाल अन्य प्रदेशों में ही हुआ। मौके पर जमशेद अली, अलाउद्दीन अहमद, बृजकिशोर सिंह, अमित कुशवाहा, पुष्पा कुमारी मौजूद थे।

# बूथ जीतो, चुनाव जीतो- देवेशकान्त सिंह

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** मंगलवार को गोरेयाकोठी सदर मंडल कार्यसमिति की बैठक ग्राम हरिहरपुर कला में मंडल महामंत्री भिखारी सिह के आवास पर सदर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र गिरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई द्य बैठक को संबोधित करते हुए विधायक देवेश कान्त सिह ने सात पंचायत के बूथों अध्यक्षो से वृत्त लेने के बाद संगठन को और सशक्त धारदार, मजबूत बनाने की चर्चा की द्य बूथों पर 12 लोगों की बूथ कमिटी का गठन हो गया है बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों पर ङ्ख्द्धड्डह्लह्यड्डश्चश्च ग्रुप बनाना, सूचना तंत्र को मजबूत करना, पन्ना प्रमुख बनाना, केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को पन्ना प्रमुख के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का प्रयास हो, भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसकी सरकार केवल जनता के लिए ही समर्पित रहती है द्य भाजपा के कार्यकर्ता पांच साल संगठन के लिए काम करते है लेकिन हम कभी कभी अपनी सूचना तंत्रों को बूथों तक पहुंचाने में कमजोर पड़ जाते है जिसके कारण हम उस बूथ पर कमजोर हो जाते है इसलिए पांच माह कमर कस के बूथों पर जाकर काम करे द्य सरकार तथा विधायक की विकास की उपलब्धियों की जानकारी दे और ताकि वह बूथ हमारा मजबूत हो



और उस बूथ पर चुनाव जीते द्य बैठक में सिवान पूर्वी के जिला अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने सोशल मीडिया और संगठन की विस्तार पर चर्चा की द्य बैठक मे विधानसभा प्रभारी सह जिला महामंत्री काली चरण प्रजापति, विधानसभा संयोजक सह मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार तिवारी, गोरेयाकोठी सदर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र गिरी, गोरेयाकोठी मध्य मंडल अध्यक्ष कुबेर प्रसाद कुशवाहा, गोरेयाकोठी दक्षिणी मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी, वसी अहम्मद खा, मीरा देवी, विनय कुमार गिरी, भिखारी सिह, बिनोद सिह, तारकेश्वर सिह, रंजीत भारती,राजेश सिह, मनोज सिह, बब्लू सिह, दीपक पटेल, अरविंद सिह, प्रकाश सिह, महेश सिह, ओमप्रकाश यादव, कपिलेश्वर राय, दलू सिह, दीपनारायण सिह, बीपीन बिहारी सिह, राजू राम, राजेश मांझी, ब्रजेश प्रसाद, अमरजीत सिह, राजन सिह, बलिराम सिह, अजित कुमार, पुनपुन सिह, पीयूष सिह, रानू पटेल, प्रियांस दुबे, कन्हैया गिरी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# निवेशक सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** गोरेयाकोठी प्रखंड मुख्यालय में श्रीवास्तव ब्रदर्स प्रा. लि. द्वारा अपने सम्मानित निवेशकों के लिए ÷निवेशक सम्मान समारोह÷ का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य उन समर्पित निवेशकों का सम्मान करना था, जिन्होंने उस समय म्युचुअल फंड में निवेश करना शुरू किया, जब इसे एक जोखिम भरा कदम माना जाता था।संस्था के निदेशक सिद्धार्थ श्रीवास्तव और अंकुर श्रीवास्तव की दूरदर्शी सोच और कार्यप्रणाली ने इस अनोखे कार्यक्रम के आयोजन की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज जब हर कोई सिर्फ कार्यकर्ताओं को ही सम्मान देता है, ऐसे समय में उन निवेशकों को भी पहचान मिलनी चाहिए, जिन्होंने जोखिम उठाकर समाज में निवेश की सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा दिया।इस समारोह में गोरेयाकोठी प्रखंड के अनेक निवेशकों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित निवेशकों में अमरेंद्र तिवारी, राजेश्वर कुमार, विपिन बिहारी सिंह, लालबाबू राय, मुनीलाल यादव, अनिल प्रसाद, डा. अविनाश, डा. विश्वजीत, शंभू प्रसाद, अशोक गुप्ता, राजीव रंजन तिवारी, मुमताज अहमद, दिनेश गुप्ता, मो. हबीबुल्लाह, मो. जावेद, अभय कुमार, अमोद भानु, डाक्टर प्रेम शंकर दत्ता, राजेंद्र प्रसाद एवं सुदामा प्रसाद सहित कई अन्य निवेशक शामिल हुए और इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा प्रबंधक नागेंद्र सिन्हा एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## रोजगार से ही आएगी खुशहाली ÷प्रशांत किशोर

सिवान। बिहार बदलाव यात्रा के दौरान नौतन के सेमरिया, मैरवा के हरिराम कालेज व जीरादेई में जनसभा को संबोधित करते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि अब तक जिस मुद्दे पर वोट हुआ है सरकार ने वहीं काम किया है। अब तक कभी भी शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर जनता ने वोट नहीं किया है। आगामी विधानसभा चुनाव में अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करना होगा तभी बेहतर शिक्षा और रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पढ़ाई और रोजगार बेहतर होगा तभी जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के नाम पर वोट दिया गया तो मंदिर बना, राशन के नाम पर वोट दिया गया तो राशन मिल रहा है। बिहार में बिजली के लिए वोट हुआ जो हर घर में बिजली पहुंच गई, लेकिन कभी शिक्षा और रोजगार के नाम पर वोट नहीं दिया गया। इसीलिए बच्चों को नौकरी की तलाश में पंजाब, मुंबई, दिल्ली, गुजरात जाना पड़ रहा हैं। उन्होंने जनसुराज का मतलब जनता का सुंदर राज बताते हुए कहा कि वह बिहार बदलाव यात्रा पर निकले हैं। बिहार में बदलाव का संकल्प के साथ गांव गांव पहुंच रहे हैं। बिहार में लोगों ने लालू और नीतीश का राज देखा है। अब अगली बार जब जन सुराज को जीत मिलेगी तो प्रशांत किशोर का नहीं बल्कि जनता का राज होगा। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं ने बिहार को लूटा है और बिहार के बच्चों को बेरोजगार बनाया है उनको वोट नहीं देना है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में गांव-गांव में शराब मिल रहा है, बिजली बिल गलत आ रहा है। सरकारी काम में जनता को लूटा जा रहा है। इसलिए अगली बार किसी नेता, जाति, मंदिर, मस्जिद के नाम पर नहीं बल्कि अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार और जनता का सुंदर राज के नाम पर वोट देने का संकल्प लें। जन स्वराज की सरकार बनी तो साल भर के अंदर बाहर गए नौजवान को 10 से 12 हजार का रोजगार की व्यवस्था जिले के अंदर होगी। दिसंबर 2025 से 60 आयु से ऊपर की महिला पुरुष को दो हजार मिलने लगेंगे। 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सरकारी स्कूल की व्यवस्था बेहतर होने तक प्राइवेट स्कूल में बच्चे पढ़ाने के लिए शुल्क सरकार देगी। मुन्ना पांडेय ने कहा कि जनसुराज को सरकार बनाने का मौका दें। तो सबके जीवन में खुशहाली होगी।वहीं प्रशांत किशोर का जगह-जगह स्वागत व नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान नौतन के भुलौनी मोड़, किलपुर, मैरवा बाजार, अकोल्ही, विजयीपुर बाजार, जीरादेई के तितरा बाजार, सिवान सदर के सूता मिल रोड, जेपी चौक, बबुनिया मोड़ आदि स्थानों पर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

## 31 पीटीसी सिपाहियों को अस्थाई स्थापना कार्यकारी प्रभार किया गया प्रदान

**परवेज अख्तर/सीवान।** पुलिस मुख्यालय, पटना द्वारा जिले के कुल 31 पीटीसी सिपाहियों को अस्थाई स्थापना कार्यकारी प्रभार प्रदान किया गया है। इसके आलोक में पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) एवं पुलिस उपाधिक्षक (मुख्यालय) की उपस्थिति में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी पीटीसी को उच्चतर प्रभाव संबंधित जिला आदेश जारी किया गया। इस दौरान एसपी ने सभी पीटीसी सिपाहियों को बैच प्रदान किया। एसपी ने नवप्रोन्नत जवानों को अपने व्यवहार में बदलाव लाने, आम लोगों के अलावे अपने विभाग के पदाधिकारियों और जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने और पीड़ितों को ससमय न्याय दिलाने की बात कही।

## तीसरे दिन 198 अभ्यर्थी होमगार्ड के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में हुए सफल

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के राजेंद्र स्टेडियम में गृहरक्षकों के 231 रिक्त पद पर बहाली को लेकर शारीरिक दक्षता परीक्षा मंगलवार को भी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीसरे दिन भी जारी रही। गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए मंगलवार को शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा में शामिल होने के लिए कुल 1400 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था। इनमें से 874 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। वहीं इनमें से 1600 मीटर की दौड़ में 203 उम्मीदवार सफल हुए। इन सफल अभ्यर्थियों की ऊंचाई एवं सीना की माप की गई। ऊंचाई एवं सीना के निर्धारित मापदंड पूरा नही करने के कारण तीन उम्मीदवारों को असफल घोषित कर दिया गया। इस प्रकार ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक की परीक्षा में कुल 200 उम्मीदवारों ने भाग लिया। इसमे से दो उम्मीदवार चिकित्सीय परीक्षण में अनफिट/असफल हो गए एवं 198 उम्मीदवार चिकित्सीय जांच में फिट और दैनिक रूप से सफल घोषित किए गए। जिला सूचना एंव जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा में सफल सभी 198 उम्मीदवारों की सूची सिवान डाट एनआईसी डाट इन पर अपलोड कर दी गई है।

## हरिहर की महा-आरती युग युगांतर तक हरि-हर के मिलन का साक्षी बनेगा त्रिवेणी महाआरती: सुशील चंद्र शास्त्री

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** ज्येष्ठ अमावस्या की शुभ मंगल वेला में गंगा, नारायणी और सोनभद्र की पतित पावन संगम त्रिवेणी पर स्थित गजेंद्र मोक्षधाम, हरिहर क्षेत्र पुण्य भूमि के भारत वंदना घाट सोनपुर में त्रिवेणी महा- आरती का आयोजन माँ तारा सेवा निधि कौनहारा महातीर्थ हाजीपुर के सौजन्य से किया गया।संगम पर पूजा अर्चना करने के बाद सुशील चंद्र शास्त्री ने कहा कि देवों द्वारा वंदित देव भूमि हरिहर क्षेत्र के पुनरुत्थान एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए प्रत्येक अमावस्या को भारत वंदना घाट सोनपुर में त्रिवेणी महा- आरती का आयोजन किया जाता है। त्रिवेणी महाआरती के संरक्षक महाकाल बाबा के कुशल सानिध्य में त्रिवेणी महा- आरती काफ़ी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। धन्यवाद ज्ञापन के दौरान महाकाल बाबा के द्वारा सभी श्रद्धालू भक्तों से 11- 11 दीप जलाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। वहीं इस पावन अवसर पर विपिन जी, आचार्य अनिल जी, अर्जुन जी, अविनाश जी, किशन, राजीव, आदित्य सहित सैकड़ों भक्त शामिल हुए।

## डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह महाविद्यालय पिपरा को मिली स्वीकृति,

**दैनिक खोज खबर/हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के हरपुर कोटवा पंचायत के पिपरा स्थित महाचंद्र प्रसाद सिंह महाविद्यालय को संबद्धता प्राप्त होने से स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। अब सुदूर क्षेत्र के छात्र छात्राएं आसानी से स्नातक तक की पढ़ाई कर सकेंगे।वहीं इस महाविद्यालय को स्वीकृति मिलने के बाद प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व बच्चों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर खुशी का इजहार किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष सह पूर्व प्राचार्य रामनाथ सिंह ने बताया कि 1989 से डिग्री कॉलेज खोलने का प्रयास चल रहा था। जहां आज प्रयास सफल रहा है। जेपी विश्व विद्यालय पांच बार कमेटी गठित कर निरीक्षण कराया गया। जहां जांच कमेटी के प्रतिवेदन के आधार पर कला एवं वाणिज्य संकाय में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा संबद्धता प्राप्त हुई है।कला के हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू संस्कृत, इतिहास एवं संस्कृति,गृह विज्ञान, दर्शन शास्त्र, राजनितिक शास्त्र, मनो विज्ञान, समाज शास्त्र एवं वाणिज्य संकाय के सभी संकायों में आनर्स के साथ संबद्धता 2025-29 के लिए प्राप्त हुआ है। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि इस सफलता में स्थानीय विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह तथा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे का बहुत योगदान रहा। श्री सिंह ने हृदय से धन्यवाद दिया है। मौके पर प्राचार्य गुड़िया कुमारी,प्रभुनाथ सिंह,सूयशा कुमारी,बिनोद ओझा, अमरजीत प्रसाद,रवि रंजन, जय किशोर मांझी, हरेंद्र सिंह, कुमार नीलमणि सहित अन्य उपस्थित थे।

## करंट लगने से व्यक्ति की मौत, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**सिवान।** असांव थाना क्षेत्र के पिपरहिया में मंगलवार की दोपहर विद्युत करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान पिपरहिया निवासी नागेंद्र राजभर ( 36 ) के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि नागेंद्र राजभर घर के आगे खड़े थे। उसी दौरान अचानक धारा प्रवाहित बिजली का तार टूटकर उनके शरीर पर गिर गया जिससे वे घायल हो गए। स्वजन इलाज के लिए उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जीरादेई ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही विधायक अमरजीत कुशवाहा मृतक के घर पहुंचकर उनके स्वजनों को सांत्वना दी। बताते हैं कि नागेंद्र राजभर मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था। उन्हें एक पुत्र तथा एक पुत्री हैं। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## शिव पार्वती की मूर्ति स्थापना को निकली शिव बरात

**हुसैनगंज(सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हुसैनगंज चट्टी पर निर्मित शिव मंदिर में शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बैंड बाजे के साथ शिव बरात निकाली गई। इस दौरान आचार्य पंडित मनीष तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर में शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित की। आचार्य ने बताया कि प्रतिमा पत्थर की कीमती प्रतिमा वाराणसी से मंगाई गई है। इस दौरान जयकार से वातावरण गूंज उठा। शिव-पार्वती की मूर्ति को पालकी में रख पूरे क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। शिव बरात मंदिर से आरंभ होकर हुसैनगंज बाजार, गड़ार शिव मंदिर, हुसैनगंज काली मंदिर, बल्ली काली मंदिर एवं हुसैनगंज बाजार मोड़, अस्पताल मोड़ स्थित शिव मंदिर को मिलाकर पांच मंदिरों का भ्रमण कर गंतव्य स्थल पर पहुंची। जहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस अवसर समाजसेवी जगदीश साह, विंदा देवी, मदन गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, महेश गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, मंटू साह, धर्मेंद्र यादव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत

**हसनपुरा(सिवान)।** एमएच नगर थाना के उसरी बुजुर्ग में मंगलवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतका की पहचान उसरी बुजुर्ग निवासी धनंजय जायसवाल की पत्नी सीमा देवी ( 30 ) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि सीमा देवी को अचानक पेट दर्द की शिकायत पर स्वजन चिकित्सक के पास ले गए। इस दौरान चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके वाले जहर देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मिहिर कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के शरीर पर कोई जख्म का निशान नहीं था, सिर्फ पैर में सूजन था। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। ज्ञात हो कि सीमा देवी की शादी 2016 में धनंजय जायसवाल के साथ हुई थी। अभी उसे कोई संतान नहीं था।

# न्यायालय ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने का दिया आदेश

**परवेज अख्तर/सीवान।** प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी कुमारी सौम्या की अदालत ने न्यायालयीय आदेशों सम्यक अनुपालन नहीं करने के आरोप में मुफस्सिल थानाध्यक्ष के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत करने का आदेश दिया है। न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेसर्स प्रताप ट्रेडर्स के द्वारा चेक बाउंस के एक मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सौम्या कुमारी के न्यायालय में एक परिवाद नूर आलम अंसारी के खिलाफ दाखिल की गई है जिसका विचारण वाद 281/2025 उपरोक्त न्यायालय में चल रहा है। उक्त मामले का आरोपित बार-बार न्यायालय में उपस्थित होकर जमानत प्राप्त करता है और जमानत में वर्णित शर्तों का पालन नहीं करता है। इस कारण न्यायालय ने 12 नवंबर 2024 को अभियुक्त का जमानत रद करते हुए बंध पत्र खंडित कर दिया था और उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट निर्गत कर दिया था। न्यायालय के उक्त आदेश का अनुपालन जब संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा नहीं की गई तो न्यायालय ने पुनः स्मार पत्र देते हुए अभियुक्त की उपस्थित सुनिश्चित करने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 की प्रक्रिया निर्गत की गई, लेकिन थानाध्यक्ष ने काफी समय बीत जाने के बाद भी इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे क्षुब्ध होकर न्यायालय ने मुफस्सिल थानाध्यक्ष के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश निर्गत किया है।ज्ञातव्य हो कि इसी मामले में पूर्ववर्ती न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी आलोक कुमार चतुर्वेदी ने न्यायालयीय आदेशों के सम्यक अनुपालन नहीं करने के आरोप में मुफस्सिल थानाध्यक्ष के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 349 के अंतर्गत अवमानना की कार्रवाई करने का आदेश दिया था।